UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-194 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 26 जून 2026 | youngbharatE-paper.com

# यूपी की 'मिनी नंदिनी योजना' से बदलेगी किसानों की तस्वीर

## डेयरी कारोबार के लिए मिलेगी लाखों की सब्सिडी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है. इसी कड़ी में 'मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' किसानों पशुपालकों के लिए एक बड़ी सौगात बनकर सामने आई है. इस योजना के तहत डेयरी व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक किसानों को सरकार की ओर से भारी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है. योजना का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी गायों के पालन को बढ़ावा देना, दूध उत्पादन बढ़ाना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करना है.

मिनी नंदिनी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 10 स्वदेशी गायों की डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. योजना के तहत परियोजना की कुल लागत लगभग 23.60 लाख रुपये निर्धारित की गई है. इसमें सरकार अधिकतम 50 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराती है, जो करीब 11.80 लाख रुपये तक हो सकती है. शेष राशि में लाभार्थी का अंशदान बैंक ऋण शामिल होता है. योजना के तहत मुख्य रूप से स्वदेशी अधिक दूध देने वाली नस्लों को शामिल किया गया है. इनमें साहीवाल, गिर थारपारकर जैसी गायें प्रमुख हैं. सरकार का मानना है कि इन नस्लों के संरक्षण संवर्धन से न केवल दूध उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि पशुपालकों की आमदनी में भी स्थायी वृद्धि होगी. योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना आवश्यक है. इसके अलावा पशुपालन का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए. डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए न्यूनतम 0.20 एकड़ भूमि तथा पशुओं के चारे के लिए अतिरिक्त 0.80 एकड़ भूमि की आवश्यकता निर्धारित की गई है. सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अन्य समान योजनाओं का लाभ ले चुके व्यक्ति इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे. योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं. आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला स्तरीय समिति पात्रता की जांच करती है. यदि किसी जिले में आवेदनों की संख्या निर्धारित लक्ष्य से अधिक हो जाती है, तो लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाता है. सब्सिडी दो चरणों में जारी की जाती है इसके लिए भौतिक सत्यापन भी किया जाता है. विशेषज्ञों का मानना है कि मिनी नंदिनी योजना केवल एक सब्सिडी योजना नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. डेयरी व्यवसाय किसानों को नियमित आय का स्रोत उपलब्ध कराता है खेती पर निर्भरता कम करता है. राज्य सरकार की यह पहल पशुपालन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के साथ-साथ गांवों में रोजगार आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता खोल सकती है.

# यूपी में पिछले 14 माह से गलत अधिभार शुल्क वसूल रहा विद्युत विभाग, नियामक आयोग ने आगे न वसूलने को कहा



**लखनऊ।** प्रदेश में पिछले 14 महीने से बिजली उपभोक्ताओं से गलत फॉर्मूले के आधार पर ईंधन अधिभार शुल्क वसूला जा रहा था। जून माह में 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार वसूली के मामले में अप्रैल 2025 से जिस फॉर्मूले से वसूली हो रही रही है, नियामक आयोग ने गलत करार दिया है।

इसके साथ ही आगे से अब इस फॉर्मूले से वसूली न करने का आदेश दिया है। आयोग ने साफ तौर पर कहा कि किसी भी माह में बिजली खरीदने और ट्रांसमिशन (पारेषण) शुल्क के आधार पर ही ईंधन अधिभार तय कर उपभोक्ताओं से वसूला जा सकता है। नियामक आयोग ने कहा कि किसी भी दूसरे माह की देनदारी या फिर समायोजन को अधिभार तय करने के लिए फॉर्मूले में शामिल नहीं किया जा सकता है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिका लगाकर जून में 10 फीसदी ईंधन अधिभार गलत तरीके से वसूलने का आरोप लगाया है। सुनवाई करते हुए नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन से ईंधन अधिभार गणना के भी दस्तावेज तलब किए हैं। इस मामले में 19 जून को पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक की ओर से जवाब दाखिल किया गया है, जिसमें बताया गया है कि अप्रैल 2025 से पूरे प्रदेश में एक विशेष फॉर्मूले पर वसूली की जा रही है। उसी फॉर्मूले के आधार पर जून 2026 का भी अधिभार तय किया गया है। मंगलवार को नियामक आयोग ने अपना फैसला सुनाया है। नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन को भविष्य में इस तरह की गलती न करने की हिदायत दी है। साथ ही कहा है कि कानून की परिधि में रहकर ही कार्य करें। उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर अधिभार शुल्क पर रोक लगाने के साथ ही बिजली उपभोक्ताओं की ओर से जमा किए गए शुल्क को जुलाई के बिल में समायोजित कराने की मांग की है।

## अवकाश सूचना

**आज मोहर्रम है**
मोहर्रम पर्व को लेकर यंग भारत कार्यालय में 25 जून, 2025 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 जून, 2026 को प्रकाशित होगा।

–प्रधान सम्पादक

## 19 क्वार्टर सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई। अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे 19 क्वार्टर सहित एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कोतवाली में तैनात एसआई रामकिशोर को सूचना मिली कि सारंगपुर रोड के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है।



ALL100NEWS
E-पेपर
मुंबई मुख्यालय
20 जून 2026
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की आगामी
राष्ट्रीय कार्यकारिणी
5 जुलाई 2026 को नागपुर में
: कुंवर हरिवंश सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद
एक-एक दिन बहुत कीमती है : कुंवर हरिवंश सिंह

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अगामी चुनाव को देखते हुए जारी की प्रदेश की जंबो कार्यकारिणी

**अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव**
( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तथा केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2029 होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कार्ड जंबो कार्यकारिणी का गठन कर दिया है प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जो केंद्रीय राज्य मंत्री भी है की जंबो प्रदेश कार्यकारिणी में 19 प्रदेश उपाध्यक्षहै जबकि 8 प्रदेश महामंत्री हैं जबकि 19 नेताओं को भाजपा का प्रदेश मंत्री बनाया गया है लेकिन प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री के पदों में बुंदेलखंड केकिसी नेता को अध नहीं दिया गया जबकि प्रदेश मंत्री के रूप में भाजपा के संगठन केबड़े चेहरे अनिल यादव को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। इसी तरह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है जबकि उनकी जगह बुंदेलखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशोर साहू को नया कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया है।

- » 19 उपाध्यक्ष, 8 प्रदेश महामंत्री और 19 प्रदेश मंत्रियों की नाम से सजी होगी प्रदेश कार्यकारिणी
- » प्रदेश के छह क्षेत्रों के प्रदेश अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी गई है जबकि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल को भाजपा के पिछड़ा वर्ग का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है इसी तरह बुंदेलखंड क्षेत्र के चर्चित नेता अनिल यादव को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।
- » तीन प्रदेश प्रवक्ताओं और वरिष्ठ कार्यालय मंत्री भारत दीक्षित के अलावा दो सहकार्यालय मंत्रियों की भी नियुक्ति की गई है. संगठन में पद सौंपते समय चुनाव के मद्देनजर क्षेत्रीय और जाति समीकरण का सटीक संतुलन बिठाने की कोशिश की गई है अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त रखा गया है। हिंदू समाज में भाजपा की राजनीतिक रणनीति की क्या दिशा होगी यह संदेश देने की कोशिश की गई है

# उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा




**लखनऊ।** प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कई खामियां सामने आ रही हैं, जिससे भ्रष्टाचार का मामला भी उजागर हो रहा है। हाल ही में पानी की टंकियों के गिरने और टूटने के वीडियो वायरल हुए हैं।

अब 294 परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी फर्जी पाई गई है। यह मामला बाराबंकी का है, जहां एक समीक्षा बैठक में यह बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया। बाराबंकी के जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में 294 परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें 80 प्रतिशत प्रगति दर्शाई गई थी। लेकिन कार्य रिपोर्ट और सत्यापन रिपोर्ट में अंतर पाया गया, जिसके बाद सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कई परियोजनाओं में विभागीय प्रगति रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति के बीच भिन्नता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली समीक्षा बैठक से पहले सभी कमियों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह मामला केवल बाराबंकी तक सीमित नहीं है। यदि उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना की सही जांच की जाए, तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। प्रगति रिपोर्ट के नाम पर अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश के कई स्थानों पर पानी की टंकियां तक नहीं बनी हैं। कई जगहों पर पानी की सप्लाई के लिए पाइपलाइन भी नहीं डाली गई है, जिस पर स्थानीय लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज़ अनसुनी हो रही है। जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य लोगों तक स्वच्छ जल पहुंचाना है। लेकिन अधिकारियों ने इस योजना में धांधली कर बंदरबांट की है। यदि उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना की जांच की जाए, तो कई अधिकारी बेनकाब हो सकते हैं। उन्होंने प्रगति रिपोर्ट के नाम पर जनता को गुमराह किया है, जबकि वास्तविकता इससे बहुत दूर है।

# कालपी क्षेत्र में बड़ी संख्या में है सार्वजनिक तालाबों पर दबंगों का कब्जा, प्रशासन ने अभी तक नहीं उठाया गंभीर कदम

## ग्रामीणों ने एसडीएम कालपी से की शिकायत, तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जों की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी भूमि, तालाबों और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद कालपी तहसील क्षेत्र में तालाबों की भूमि पर कब्जों और उनकी कथित बिक्री का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने लेखपालों और ग्राम प्रधानों पर मिलीभगत कर तालाबों की जमीन बेचने तथा कब्जे करवाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी कालपी अमित शेखर को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि कदौरा ब्लॉक सहित कई ग्राम पंचायतों में दो से चार एकड़ तक क्षेत्रफल वाले पुराने तालाब मौजूद हैं। इन तालाबों की भूमि को राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज किया गया है, लेकिन मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने कब्जा कर पक्के मकान बना लिए हैं।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह कब्जे बिना स्थानीय राजस्व अधिकारियों की जानकारी के संभव नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लेखपालों ने ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर तालाबों की जमीन पर लोगों को कब्जा करवाया और बाद में उस भूमि की खरीद-फरोख्त भी करवा दी। आरोप है कि इसके बदले में संबंधित लोगों से धनराशि ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि शासन स्तर से समय-समय पर तालाबों और सरकारी भूमि की स्थिति को लेकर रिपोर्ट मांगी जाती है। ऐसे मामलों में कई बार कागजों में तालाबों को कब्जामुक्त दर्शाकर रिपोर्ट भेज दी जाती है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों के अनुसार मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए तो तालाबों का बड़ा हिस्सा अवैध कब्जों की चपेट में दिखाई देगा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई ग्राम पंचायतों में तालाबों की मूल भूमि का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। कहीं पक्के मकान बने हुए हैं तो कहीं अन्य निर्माण कार्य कर लिए गए हैं। कुछ स्थानों पर तालाबों का अस्तित्व ही समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों का दावा है कि कई तालाब ऐसे हैं जिनकी पूरी भूमि पर कब्जा कर लिया गया है और अब वहां तालाब जैसी कोई स्थिति दिखाई नहीं देती। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी ग्राम पंचायतों के तालाबों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। राजस्व अभिलेखों, नक्शों और मौके की स्थिति का मिलान कर वास्तविक रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही जिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब केवल जल संरक्षण का साधन नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर बनाए रखने और वर्षा जल संचयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। तालाबों पर बढ़ते कब्जों के कारण जल संरक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे भविष्य में जल संकट की समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जिन तालाबों की भूमि पर अवैध निर्माण किए गए हैं, उनकी जांच कर कब्जाधारकों को चिन्हित किया जाए तथा सरकारी भूमि को पुनः कब्जामुक्त कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में कई तालाब पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन शिकायत का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराएगा और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

- » लेखपाल-प्रधान की मिलीभगत से तालाबों की जमीन बेचने के आरोप
- » लेखपाल भेज रहे हैं शासन को कब्जामुक्त रिपोर्ट, जबकि मौके पर बने हैं पक्के मकान
- » कई ग्राम पंचायतों में 75 प्रतिशत तक तालाबों की भूमि पर कब्जे का आरोप
- » तालाबों की जमीन पर कब्जों का खेल, लेखपालों और प्रधानों पर पैसा कमाने का है यह गैर कानूनी मेल

# हर खातेदार को मिलेगा उसका सही राजस्व अंश, जनपद में 1,123 गांवों में विशेष अभियान शुरू

## राजस्व अभिलेख होंगे त्रुटिरहित, हर खातेदार को मिलेगा उसका वैधानिक अधिकार - जिलाधिकारी

### - 04 जुलाई 2026 तक ग्रामवार बैठकों के माध्यम से होगा अंश निर्धारण एवं त्रुटि संशोधन, जिलाधिकारी ने आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में खातेदारों एवं सह-खातेदारों के बचे हुए गाटों में अंश निर्धारण तथा त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण के संशोधन के लिए 22 जून से 04 जुलाई 2026 तक संचालित विशेष अभियान की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान किसानों एवं खातेदारों के राजस्व संबंधी अधिकारों से सीधे जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रत्येक पात्र खातेदार का अंश निर्धारण एवं त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण का संशोधन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्र में अभियान की नियमित समीक्षा करें तथा ग्राम स्तर पर आयोजित बैठकों का प्रभावी पर्यवेक्षण करें, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति अभियान के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों द्वारा लेखपालों का राजस्व ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लेखपाल संबंधित ग्रामों में बैठक आयोजित कर खातेदारों एवं सह-खातेदारों की उपस्थिति में अंश निर्धारण तथा त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण संशोधन की कार्यवाही संपादित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि बैठक आयोजित होने से पूर्व ग्रामवासियों को इसकी व्यापक सूचना दी जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने अभिलेखों का सत्यापन करा सकें। उन्होंने अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए जाने की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी (वित्त), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) तहसीलवार आयोजित ग्राम स्तरीय बैठकों का औचक निरीक्षण कर अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

साथ ही सभी राजस्व अधिकारी शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मानकीकृत एसओपी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी पांचों तहसीलों के कुल 1,123 राजस्व ग्रामों में यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी खातेदारों, सह-खातेदारों एवं ग्रामवासियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर आयोजित ग्राम स्तरीय बैठकों में आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, ताकि राजस्व अभिलेखों में लंबित अंश निर्धारण एवं त्रुटियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, समस्त उप जिलाधिकारी आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता की गैर मौजूदगी में लेखपाल ने कर दी मनमानी नाप, फिर से किसान ने की एसडीएम से मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन।** जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत नाहिली में तालाब की जगह को लेकर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने के संबंध में रामकुमार दीक्षित पुत्र श्री शिव कुमार दीक्षित के द्वारा कई प्रार्थना पत्र दिए गए इसके उपरांत कल दिनांक 24 जून 2026 को लेखपाल आर्यन त्रिपाठी ने शिकायतकर्ता की गैर मौजूदगी में गाटा संख्या 311 तालाब पर अवैध निर्माण की पैमाइश कर डाली। जब शिकायतकर्ता ने लेखपाल से कहा यह पैमाइश मेरे सामने मेरी मौजूदगी में होनी थी ।वह बगैर मेरी मौजूदगी के तुमने कैसे पैमाइश कर दी मुझे दोबारा पैमाइश करके दिखाओ। इसी के उपरांत लेखपाल भड़क ? गये अपने आप को सहन शीलता न रखते हुए शिकायतकर्ता के साथ अभ्रद्र भाषा का प्रयोग किया गया।और कुठौंद स्थित थाने के सामने शिकायतकर्ता बुक स्टोर की दुकान किए हुए हैं। जिसको दुकान हटाने की धमकी भी दे डाली। इस तरह की लेखपाल द्वारा भाषा शैली को सुनकर शिकायतकर्ता ऐसा प्रतीत हुआ है कि लेखपाल आर्यन त्रिपाठी अतिक्रमणकारियों से मिले हुए हैं। इस तरह की भाषा शैली से ऐसा प्रतीत हो रहा है ।लेखपाल की सोची समझी मानसिकता को परखने के बाद शिकायतकर्ता को ऐसा आभास हो रहा है कि लेखपाल भ्रष्टाचारी में लुप्त हो चुके हैं। इसीलिए लेखपाल द्वारा दोबारा पैमाइश करने की हीला हवाली की जा रही हैं। लेखपाल का कहना है कि अगर आपको तालाब के जगह की नाप दोबारा तथा सही करानी है तो आप मुझे रिश्वत दो तभी मैं आपकी सही नाप करूंगा। नहीं ? तो मेरे द्वारा तालाब की नाप हो चुकी है। सिर्फ आख्या भेजनी शेष है।अब दोबारा पैमाइश कराने के लिए बगैर रिश्वत दिए पैमाइश नहीं करा पाओगे। अब तुम ऐसे ही चक्कर लगाते रहोगे।अब यह हमारा तुमसे बादा है । तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे। तुमको मेरे खिलाफ जिससे भी शिकायत करनी हो उसको करने के लिए तुमको मेरी तरफ से पूरी तरह छूट है। मुझे किसी भी प्रकार का कोई भय नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना यदि इस प्रकार के राजस्व कर्मचारी विभाग में रहेंगे तब तक किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय कैसे मिलेगा। इसलिए उप जिला अधिकारी जालौन से शिकायतकर्ता की मांग है कि इस प्रकरण में तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया जाए। शिकायतकर्ता की गैर मौजूदगी में पैमाईस की आख्या लेखपाल द्वारा श्रीमान जी आपके समक्ष मनगढ़ंत तरीके से बनाकर प्रस्तुत कर दी गई है। जिस आख्या को शिकायतकर्ता कतई स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इसलिए पुन: तालाब की जगह की पैमाइश कराई जाए ।अब इनके अलावा कोई दूसरा लेखपाल भेजकर नाप कराई जाए ।जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो सके ।तभी लेखपाल द्वारा की गई करनी और कथनी का पर्दाफाश हो सकेगा।

# निर्जला एकादशी पर एच डी एफ सी बैंक के कर्मचारियों ने शरबत वितरित किया

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन)** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर माधौगढ़ के ऊमरी रोड पर स्थिति एच डी एफ सी बैंक के कर्मचारियों द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए बैंक के सभी कर्मचारियों ने राहगीरों, श्रद्धालुओं और बाजार आने वाले लोगों को शीतल पेय पदार्थ वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही। बैंक के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं स्टाल पर उपस्थित रहकर लोगों को शरबत वितरित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इस जनसेवा कार्य की सराहना की ।इस दौरान मौजूद रहे ।अनुराग तिवारी, शैलेश ऑफीसर, शिवमोहन तोमर, आयुष नामदेव, निखिल चतुर्वेदी, सुन्नी, अमितेश, शिवांशी तोमर आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण मजदूर सभा ने प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत ब्लॉक मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ने प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ता कांशीराम, रामसिंह चौधरी, राजीव कुशवाहा, प्रेम सिंह, रमेश चंद्र, सुरेंद्र कुमार, संपूर्णानंद, शिवबालक बाथम, रामबाबू, आशाराम आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी प्रशांत यादव को सौंपकर बताया कि आज के दौर की महंगाई में मनरेगा के तहत 252 रुपये न्यूनतम मजदूरी ग्रामीण मजदूरों के जीवन यापन के लिए काफी नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी आजीविका मिशन में न्यूनतम मजदूरी 729 रुपये प्रतिदिन तय की जाए। साथ ही मनरेगा की जगह लागू किए जा रहे विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी जॉब कार्ड धारकों को काम उपलब्ध कराया जाए और 18 वर्ष से ऊपर के सभी मजदूरों के लिए नए जॉब कार्ड बनाए जाएं। बिजली के मुद्दे पर संगठन ने दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने और बढ़े हुए बिजली बिल तत्काल वापस लेने एवं स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीण गरीबों पर कर्ज के बोझ को लेकर कहा कि माइक्रोफाइनेंस कंपनियों और निजी सूदखोरों ने आरबीआई की गाइडलाइन का उल्लंघन कर मोटे ब्याज पर कर्ज देकर लोगों को कर्ज के जाल में फंसा दिया है। संगठन ने दो लाख रुपये तक के ऐसे सभी कर्ज ब्याज सहित माफ करने और भविष्य में लेन-देन में आरबीआई गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। इसके अलावा सीलिंग, बंजर और परती आबादी की जमीन पर वर्षों से बसे गरीब परिवारों को उजाड़ने के बजाय पट्टा देकर उनका विनियमितिकरण करने और पूरे ग्रामीण अंचल में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग भी की।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने वेतन एरियर से संबंधित समस्याओं को लेकर आंदोलन की घोषणा की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ने लेखा अधिकारी कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान फिक्सेशन, चयन वेतनमान एरियर एवं वेतन एरियर से संबंधित समस्याओं को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा है कि अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार का सुविधा शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक एवं ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र निरंजन ने बताया कि जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री के साथ वार्ता के बात निर्णय लिया गया है कि लेखा अधिकारी कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के विरोध में क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। यह प्रतीकात्मक क्रमिक अनशन प्रत्येक कार्य दिवस में विद्यालय समय उपरांत अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि इस माह के वेतन के साथ लंबित चयन वेतनमान, फिक्सेशन, वेतन कटौती के एरियर चयन बेतनमान के एरियर का भुगतान नहीं किया जाता हैं तो यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक जनपद के सभी शिक्षकों की चयन वेतनमान फिक्सेशन, एरियर भुगतान एवं अन्य लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। शिक्षक संघ ने सभी शिक्षक साथियों से आंदोलन में सहयोग और सहभागिता की अपील की है।

# तालाब व जलकल परिसर में अतिक्रमण हटाए जाने के लिए ग्रामीणों की मांग

## उप जिला अधिकारी जालौन को ग्रामीणों ने एकत्र होकर दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन।** जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम जुगराजपुर में कुछ दबंग लोगों द्वारा तालाब की जगह पर कब्जा करने से गांव के पानी का निकास बंद हो गया है। जिससे तालाब में पानी की मात्रा अधिक हो गई है। यदि बरसात के पहले पानी का निकास न किया गया तो तालाब का पानी पूरे गांव में तथा जलकर परिसर में रूद्र रूप दिखा सकता है। तालाब का गंदा जहां पानी की टंकी बनी हुई है। ? वहीं जलकल परिसर में पानी भर गया है ।यह पानी वाल पम्प के अंदर पानी पहुंच रहा है। जिससे गंदा पानी ग्रामीण इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रदूषित पानी पीने से गांव में संक्रामक बीमारी फैल सकती है। शिकायतकर्ता ग्रामीण सुरेश सिंह ,रामबरन सिंह ,रामेंद्र सिंह, वी पी सिंह, राजू सिंह, योगेंद्र सिंह ,जगदीप सिंह, राजेश सिंह ,मुलायम सिंह, भारत सिंह आदि एक दर्जन लोगों ने उप जिला अधिकारी जालौन को इस संबंध में शिकायती पत्र सौंपा।

# जालौन पुलिस ने वृंदावन से चोरी हुई स्कूटी के साथ शातिर चोर को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान वृंदावन से चोरी हुई स्कूटी के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर पहले से ही विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

बुधवार की सुबह कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, एसआई शिवम सेंगर की टीम बंगरा रोड पर छेपुला के पास चेकिंग कर रही थी। तभी बंगरा की ओर से आ रहे एक स्कूटी को रोककर जब चालक से उसके कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। जब पुलिस ने सख्ती से पूछतांछ की तो उसने बताया कि उसने वृंदावन से स्कूटी चोरी की थी। पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में लेकर मोहल्ला खटीकान निवासी आरोपी इलियास को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल ने बताया कि आरोपी के इलियास शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ जालौन, औरैया और कोंच थानों में चोरी, लूट, मारपीट, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस गौवध निवारण अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जलकल परिसर पर हुए अतिक्रमण की वजह से पूरे गांव गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास खंड कुदौंद के ग्राम जुगराजपुर में तालाब और जलकल परिसर पर हुए अतिक्रमण की वजह से पूरे गांव को गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर तालाब व जलकल परिसर से अतिक्रमण हटाकर स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

जुगराजपुर निवासी ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, रामनरेश, राजेंद्र सिंह, राजू सिंह, योगेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, शिवम सिंह, राकेश सिंह और भारत सिंह आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि कि गांव के कुछ लोगों ने तालाब पर कब्जा कर लिया है। कई बार नापतोल हो चुकी है, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। तालाब पर कब्जे की वजह से उसकी पानी भरने की क्षमता खत्म हो गई है। बताया कि तालाब का पानी सीधे जलकल परिसर में पहुंच रहा है, लेकिन जलकल परिसर पर भी लोगों ने कब्जा कर रखा है। मलवायुक्त गंदगी भरा पानी सप्लाई लाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंच रहा है। मजबूरी में ग्रामीण उसी गंदे पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि गांव के जलकल के पास स्थित तालाब और जलकल परिसर को पूर्णत: अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ताकि उन्हें स्वच्छ पानी मिल सके।

# नकली माउंटेन ड्यू के मामले में कंपनी ने कराया मामला दर्ज

## कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर माल को कब्जे में लेकर सीज किया

### -नकली पेप्सी ब्रांड की माउंटेन ड्यू को काफी समय से खपाया जा रहा तब क्षेत्र में





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बुधवार को कोंच में पकड़ी गई कथित तौर पर नकली माउंटेन ड्यू के मामले में कंपनी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेप्सिको, एवं पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि जयदीप सिंह कोचर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर माउंटेन ड्यू, पेप्सी, 7अप, स्लाइस, लहर, मिरिंडा और ड्यूक जैसे ट्रेडमार्क वाले नकली उत्पादों के निर्माण, पैकिंग और बिक्री का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में बताया गया है कि उक्त सभी ब्रांड भारत में शिकायतकर्ता कंपनियों के नाम पर पंजीकृत हैं और इनके ट्रेडमार्क व कलात्मक डिजाइन को कॉपीराइट अधिनियम के तहत भी संरक्षण प्राप्त है। कंपनियों का कहना है कि इन ब्रांडों का लंबे समय से बड़े स्तर पर उत्पादन, प्रचार-प्रसार और व्यापार किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार नियमित बाजार सर्वेक्षण के दौरान जानकारी मिली कि कोंच क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में कुछ अज्ञात लोग इन ब्रांड नामों से मिलते-जुलते नकली शीतल पेय पदार्थ तैयार कर बेच रहे हैं। आरोप है कि ऐसे उत्पादों की लेबलिंग इस तरह की जाती है कि ग्राहक उन्हें असली कंपनी का उत्पाद समझ लेते हैं। कंपनी प्रतिनिधि ने पुलिस को बताया कि नकली पेय पदार्थों के निर्माण और बिक्री से न केवल कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। आरोप है कि ऐसे उत्पाद कम गुणवत्ता वाले और अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार किए जाते हैं, जिससे लोगों की सेहत प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे सरकार को राजस्व की हानि भी होती है। तहरीर में कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63, ट्रेड मार्क्स अधिनियम 1999 की धाराओं 103 व 104 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की तमाम धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। कंपनी ने नकली उत्पादों की सप्लाई और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बुधवार को कस्बे के जवाहर नगर इलाके में कंजड़ बाबा के पास माउंटेन ड्यू की संदिग्ध खेप पकड़ी गई थी आधा माल एक गोदाम में अनलोड हो चुका था जबकि पुलिस ने माउंटेन ड्यू की बोतलों से आधा भरा ट्रक जब्त कर मंडी चौकी में खड़ा कराया था।

# जुलाई के प्रथम सप्ताह में उरई आ सकते हैं सीएम, प्रशासनिक मशीनरी ने पकड़ी विद्युत गति

## तहसील भवन, एनआईसी भवन समेत चार परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

- करोड़ों की लागत से बने भवनों के उद्घाटन का इंतजार खत्म होने की उम्मीद
- मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज
- डीएम और एसपी ने शुरू की समीक्षा बैठकें

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन मुख्यालय उरई में जुलाई के पहले सप्ताह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है और विभिन्न विभागों से विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने प्रस्तावित दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण सरकारी भवनों और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के हाथों नवनिर्मित तहसील भवन, अभिलेखाकार भवन, एनआईसी भवन तथा आयुर्वेदिक अस्पताल का लोकार्पण कराया जा सकता है। इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और प्रशासन लंबे समय से इनके उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा था। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बताया जाता है कि पिछले महीने भी मुख्यमंत्री का उरई दौरा प्रस्तावित था और प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए गए थे। उस समय यह संभावना जताई जा रही थी कि मुख्यमंत्री बुंदेलखंड क्षेत्र के अन्य जिलों के दौरे से पहले उरई पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम और अन्य कारणों से उनका दौरा अंतिम रूप नहीं ले सका।




इसके बाद से ही स्थानीय प्रशासन मुख्यमंत्री के नए कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहा था।अब प्राप्त सूचनाओं के अनुसार मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जुलाई के पहले सप्ताह में प्रस्तावित किया जा रहा है। यदि यह दौरा तय होता है तो जनपद को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलेंगी। नवनिर्मित तहसील भवन के शुरू होने से आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने में मदद करेगा। इसी प्रकार अभिलेखाकार भवन के संचालन से सरकारी अभिलेखों के संरक्षण और प्रबंधन में सुविधा होगी। वर्षों पुराने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक व्यवस्था विकसित की गई है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। एनआईसी भवन के उद्घाटन को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डिजिटल प्रशासन और ई-गवर्नेंस को मजबूत बनाने की दिशा में यह भवन अहम भूमिका निभाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं के विस्तार से विभिन्न विभागों के कार्यों में तेजी आएगी तथा नागरिकों को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ और अधिक प्रभावी तरीके से मिल सकेगा। वहीं आयुर्वेदिक अस्पताल के शुरू होने से जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल में आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के साथ विभिन्न उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों के अनुसार इन सभी परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये की लागत व्यय की गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद कई भवनों में औपचारिक उद्घाटन का इंतजार किया जा रहा था। कुछ स्थानों पर सीमित स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन पूर्ण रूप से संचालन मुख्यमंत्री के लोकार्पण के बाद ही किए जाने की योजना है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कार्यक्रम स्थल की तैयारियां तथा विकास कार्यों की प्रस्तुति को लेकर अलग-अलग स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनपद में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा भी हो सकती है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों से उपलब्धियों का विवरण तैयार कराया जा रहा है। बुंदेलखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति को भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। जनपद के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में भी मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के आगमन से जिले को नई विकास परियोजनाओं की सौगात मिल सकती है और लंबित योजनाओं को भी गति मिलेगी। हालांकि प्रशासनिक तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अंतिम कार्यक्रम जारी होने के बाद ही दौरे की तिथि और समय स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल जिला प्रशासन संभावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सरकारी महकमे में गतिविधियां बढ़ गई हैं और जनपद में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें जागृत हो गई हैं।

# इंटेलीजेन्ट भारत कोचिंग एवम शवाब हुसैन की कॉपी रोड स्थित बिल्डिंग को किया गया सीज

### सुरक्षा मानक एंव पार्किंग व्यवस्था के बगैर किये गये दो अवैध निर्माण को उरई विकास प्राधिकरण ने मौके पर किया सील

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** सचिव, उरई विकास प्राधिकरण के नेतृत्व में प्राधिकरण प्रवर्तन टीम ने कालपी रोड पर एचडीएफसी बैक के सामने विनोद कुमार एवं दिलीप सोनी द्वारा संचालित इंटेलीजेन्ट भारत कोचिंग सेन्टर के भवन को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 28( ) के अन्तर्गत सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मेडिकल कालेज के पास बिना सुरक्षा मानकों एवं बिना पार्किंग व्यवस्था के शबाब हुसैन द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को मौके पर सील कर दिया गया, उरई विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त निर्माणों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था।निर्माणकर्ता द्वारा कोई शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया। प्राधिकरण प्रवर्तन टीम द्वारा उक्त अवैध निर्माण सील करते हुए पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया है। कार्यवाही के दौरान सचिव उरई विकास प्राधिकरण, पुलिस बल एवं प्राधिकरण प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। समस्त विकासकर्ता एवं भवन निर्माणकर्ता से अपेक्षा है कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत करवा कर ही अपेक्षित पार्किंग एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन करते हुए निर्माण कार्य करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नोटिस, सील, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है, जिससे होने वाले किसी क्षति के लिए निर्माणकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# लंबे समय के बाद अवैध खनन माफियाओं पर टूट पड़ा जिला प्रशासन और पुलिस

- अवैध खनन पर जिला प्रशासन का बड़ा प्रहार, दो पोकलैंड मशीनें सीज, पट्टाधारक समेत अन्य संलिप्त व्यक्तियों पर एफआईआर
- पट्टा सीमा से बाहर खनन करते पकड़े गए संचालक, सरफराज खान उर्फ सोले खां व जावेद हबीब भी मौके पर गतिविधियों में संलिप्त पाए गए

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम ने तहसील कालपी क्षेत्र



में बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त शिकंजा कसा है। टीम द्वारा भेड़ी-04 स्थित रवि प्रताप कॉन्ट्रैक्टर के खनन पट्टे पर औचक निरीक्षण किया गया, जहां जांच के दौरान निर्धारित पट्टा क्षेत्र की सीमा से बाहर अवैध रूप से खनन कार्य संचालित होता पाया गया।निरीक्षण के दौरान मौके पर दो पोकलैंड मशीनें अवैध खनन कार्य में संलिप्त मिलीं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। जांच में लुकेशन पर यह भी पाया गया कि पट्टाधारक के साथ सरफराज खान उर्फ सोले खां एवं जावेद हबीब भी उक्त अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त थे तथा मौके पर उनकी भूमिका सामने आई। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर पट्टाधारक सहित संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला टास्क फोर्स ने मौके पर खनन क्षेत्र का सीमांकन सत्यापित किया, आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा साक्ष्य संकलित किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खनिज संपदा के अवैध दोहन, पट्टा शर्तों के उल्लंघन तथा राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिला टास्क फोर्स ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान पूरी सफलता के साथ जारी रहेगा ।

संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, ड्रोन एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से निगरानी सुनिश्चित की जा रही है । जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं वैध खनन व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# पूर्व कलक्ट्रेट प्रभारी शिवकांत पाठक का जन्मदिन मनाया

### कलक्ट्रेट में केक काटा, शर्बत वितरित कर दी शुभकामनाएं

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** पूर्व कलक्ट्रेट प्रभारी शिवकांत पाठक के जन्मदिन पर कलक्ट्रेट में शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान केक भी काटा गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व राजीव राज भी पहुंचे। इस दौरान सुशील अवस्थी, जयप्रकाश सिंह, ओमनारायण निरंजन, पवन मिश्रा, प्रदीप यादव, अशोक द्विवेदी, कृपासागर पालीवाल, शोभित गौतम, मनीष नगाइच, विभोर अवस्थी, अमित पांडेय, जयप्रकाश पांचाल, भगवान सिंह यादव, विवेकानंद श्रीवास्तव, विशाल तिवारी, अमित कुशवाहा, निशांत श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, संजय सिंह, एसके पांडेय, पुनीत ?द्विवेदी, सुनीता याज्ञिक, शिवम पाठक, पंकज तिवारी आदि रहे।

# बहन से छेड़छाड़ का विरोध भाई को पड़ा महंगा

( यंग भारत न्यूज )

- मोहर्रम की गहमा-गहमी के बीच किशोरी से छेड़छाड़ का विरोध किया तो भाई को दबंगों ने गिरा-गिरा कर पीटा
- छोटी बहन को छड़ का जुलूस दिखाने गए भाई के साथ आरोपियों ने की जमकर मारपीट, पिलाया गन्दा पानी
- दबंग सोहदो के आतंक से शरीफ परिवार हुए भयभीत

**उरई।** शहर के लहरिया पुरवा निवासी सैफ खान ने गुरुवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि वह अपनी छोटी बहन को मोहर्रम के दौरान निकलने वाले छड़ का जुलूस दिखाने बुधवार की रात बजरिया गया था। जय हिंद टॉकीज के आगे मछली मंडी के पास जब वह वहां खड़ा होकर छड़ का जुलूस देख रहा था, कि तभी वहां आसिफ खान निवासी फकीरान टोला अपने साथी समीर, माका, मनपत, मुजम्मिल, बऊआ, लाला व जानू निवासी गणेशगंज बजरिया के साथ आए और छोटी बहन को देखकर छिटाकशी करने लगे। जब उसने विरोध किया तो सभी ने उसके साथ जमकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने जबरन उसे गंदा पानी पिलाया। इस दौरान उसने कुछ अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया। जब बहन उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का मुक्की की। किसी तरह बहन ने मेरा मोबाइल लेकर परिजनों को सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारनने की धमकी देते हुए भाग गए। आज जनपद मुख्यालय उरई मुस्लिमबाहुल माहौ क्षेत्र बजरिया में

### दबंगों के कहर से दहशत में जीने को मजबूर स्थानीय लोग

**उरई।** छड के जुलूस में बेरहमी से हुई मारपीट की घटना गणेशगंज चौराहे पर काफी चर्चाओं में है। स्थानीय लोगों का कहना कि यह कोई नई घटना नहीं है। यह ग्रुप 20 से 25 लोगों का है, और ये आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया करते हैं। इतना ही नहीं ये चौराहे पर एकत्रित होकर रास्ते से निकलने वाली युवतियों व महिलाओं के साथ आए दिन छींटाकशी करते हैं, और विरोध करने पर अभद्र पर उतारु हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि इनकी दबंगई के चलते स्थानीय लोग भी अपना मुंह खोलने से डरते हैं, और दहशत में जीने के लिए मजबूर है। हालत यह है मुस्लिम बाहुल क्षेत्र बजरिया में हिंदू ही नहीं मुस्लिम भी अपनी लड़कियों बहनों महिलाओं को लेकर इस क्षेत्र में आने जाने से डरते हैं क्योंकि इन दबंग मुस्लिम गुंडो का यहां बहुत आतंकहै।

### पशु चिकित्सक से हुई मारपीट की घटना में भी थे शामिल

उरई। कुछ महीना पहले जेल रोड पर एक पशु चिकित्सा के साथ मारपीट कर सोने की चेन लूट की घटना हुई थी। आरोपियों पर इस घटना को अंजाम देने के भी आरोप लगे थे। ऐसी ही कई घटनाओं को अंजाम देने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है। अब वे कभी भी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# वृक्षारोपण केवल लक्ष्य नहीं, जनभागीदारी का अभियान बने - जिलाधिकारी

### वृक्षारोपण, गंगा संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की तैयारियों की व्यापक समीक्षा, सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी वृक्षारोपण अभियान को पूर्ण गंभीरता, समन्वय और जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके संरक्षण, संवर्धन और जीवित रखने की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान, गंगा संरक्षण तथा पर्यावरणीय गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने आवंटित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खुदाई, पौधों की उपलब्धता, रोपण स्थलों के चयन तथा विभागीय तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं है, वे तत्काल कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्त करें तथा प्रतिदिन की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि सभी नर्सरियों में पौधों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से समन्वय को प्रभावी बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी विभाग को पौधों की उपलब्धता में कठिनाई न हो। सभी विभाग समय से अपनी मांग उपलब्ध कराएं तथा पौध वितरण एवं रोपण की संपूर्ण प्रक्रिया का समुचित समन्वय बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता को विशेष महत्व दिया जाए। विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। साथ ही प्रत्येक लगाए गए पौधे की जियो-टैगिंग एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे रोपित पौधों के संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था हो सके। गंगा संरक्षण एवं पर्यावरणीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता, हरित क्षेत्र के विस्तार, प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सभी कार्यक्रमों को अभियान के रूप में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकरी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल और भोजन

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में सेवा कार्यक्रम, मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य के मुखिया ब्रजेश पाठक के जन्मदिन पर राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में सेवा और संवेदना का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के तहत अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। और अस्पताल में उपलब्ध कराये जा रहे भोजन में विशेष तौर पर खीर, छोले की सब्जी , दाल, चावल, मिठाई वितरित किये। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई।

प्राचार्य डॉ महेंद्र नें कहा कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जनसुलभ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर मरीजों की सेवा कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों का हालचाल भी जाना तथा उन्हें बेहतर उपचार का भरोसा दिलाया। अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद मरीजों को उपचार के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी एहसास कराया जा सके ।उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रशांत निरंजन, डॉ चरक सांगवान, डॉ शैलेश वर्मा, मेट्रिन श्री मती पूजा पाल, सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# उद्योग और व्यापार को मिलेगी नई गति, निवेशकों की हर समस्या का होगा समयबद्ध समाधान - जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में औद्योगिक विकास, व्यापारिक गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण तथा श्रमिक हितों के प्रभावी संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उद्योग बंधु, व्यापार बंधु एवं श्रम बंधु की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




बैठक में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक संगठनों तथा श्रमिकों से जुड़े प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निवेश एवं उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक बाधा उत्पन्न न हो।उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योगों की स्थापना, विस्तार, विद्युत, जलापूर्ति, राजस्व, प्रदूषण, परिवहन तथा अन्य विभागों से संबंधित लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। जिन प्रकरणों में विभिन्न विभागों के समन्वय की आवश्यकता है, उनमें अधिकारी आपसी तालमेल के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवैध वसूली, धमकी अथवा आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने व्यापारिक संगठनों से पुलिस के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील भी की। बैठक में श्रमिकों के हितों से जुड़े विषयों की भी समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाया जाए तथा श्रम कानूनों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्योग, व्यापार और श्रमिक—ये तीनों विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और इनके बीच बेहतर समन्वय से ही जनपद के समग्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, सीओ, उपायुक्त उधोग धर्मेंद्र भास्कर, उपायुक्त राज्य कर अमित यादव आदि सहित अधिकारी व व्यापारी बंधु, उधोग बंधु मौजूद रहे।

# संभागीय परिवहन अधिकारी झांसी मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी बैठक



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राजेश कुमार वर्मा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, झाँसी मण्डल, झाँसी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक मुख्य रुप से वाहनों में अवैध रुप से लगाये जा रहे मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कार्यवाही और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के सम्बन्ध में आहूत की गई।

उक्त बैठक में राजेश कुमार वर्मा सम्भागीय परिवहन अधिकारी झाँसी मण्डल झाँसी, सुरेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-।।), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-।), सौम्या पाण्डेय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), आनन्द राय कुरील यात्री/मालकर अधिकारी, वीर बहादुर सिंह यातायात प्रभारी, वाहन विक्रेता, मोटर गैराज व वर्कशॉप संचालक, व ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी मुख्य के रुप में उपस्थित रहे। राजेश कुमार वर्मा सम्भागीय परिवहन अधिकारीनझाँसी मण्डल झाँसी व उपस्थित समस्त अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से सभी को अवगत कराया गया कि दो पहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे आम जनता विशेषकर बुजुर्गों व मरीजों को भारी असुविधा को सामना करना पड़ता है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि ऐसे उपकरणों का लगाना व बेचना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है तथा सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवम् पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मोडिफाइड साइलेंसर बेचे या फिट किये जाने वाले संचालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 182ए(3) के तहत रु0 100000/- का जुर्माना अथवा 01 वर्ष का कारावाश अथवा दोनों अधिरोपित किया जाएगा व गैराज संचालकों एवम् डीलरों के ट्रेड सर्टिफिकेट को निलम्बित करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। मोटर यान अधिनियम की धारा 190(2) के तहत केवल चालान ही नहीं, बल्कि प्रथम अपराध पर ही 03 माह के लिए ड्राविंग लाइसेंस को अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही अनिवार्य रुप से की जाएगी। मानक का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पंजीकरण धारा 53(1) के अन्तर्गत निलंबित कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी/चालक का होगा। इसमें दोषी जाए जाने पर पहली कार्यवाही में रुपया-10,000 तक का जुर्माना वसूला जाएगा तथा अवैध संशोधन युक्त वाहनों को मौके पर ही जब्त किया जाएगा व वाहन स्वामी/चालक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परिवहन विभाग, जनपद जालौन आम जनता से अपील करता है कि वाहन खरीदते समय मिले अधिकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें, मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें। वायु और ध्वनि प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में परिवहन विभाग का सहयोग करें।

# कुठोन्द पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को कर लिया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )




**उरई /कुठौंद** । जालौन जिले की कुठौंद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं छेड़छाड़ के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में कुठौंद थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 47/2020 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 352, 504, 506 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया था। इस प्रकरण में ग्राम जालौन खुर्द निवासी अल्ताब खां पुत्र वसारत खां नामजद अभियुक्त था। बताया गया कि अभियुक्त निर्धारित तिथियों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सक्रियता दिखाते हुए कुठौंद पुलिस ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में अंजाम दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार एवं वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती मिली है।

# बेबा बेटी को सास ससुर ननदों ने प्रताड़ित कर घर से निकाला, अत्याचार

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** कस्वा माधौगढ़ के गांधीनगर निवासी लालजी राठौर पुत्र द्वारिका प्रसाद ने एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा समेत औरैया जनपद के सभी उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री को लिखित शिकायत देते हुए अपने पत्र में लिखा है कि प्रार्थी ने अपनी बेटी अर्चनादेवी राठौर का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से दिनांक 15.11.2019 को धूमधाम के साथ तय वदा के अनुसार पाँच लाख रूपये नकद धनराशि 4 लाख रूपये का सामान और जेबरात दहेज में देकर मोहनीष राठौर पुत्र राधाकृष्ण राठौर नि0मु0 नरायनपुर औरैया के साथ किया। उक्त राधाकृष्ण राठौर ने कैंसर रोग से पीड़ित पुत्र मोहनीष का यह रोग छिपाकर विवाह कर लिया। शादी के पाँच बर्ष के अन्दर ही मोहनीष का निधन हो गया मोहनीष के निधन के कुछ ही दिनों में सास सुमनलता राठौर ननद बर्षा देवी राठौर शिक्षिका प्रा0वि0 नसीरपुर बोझा इटावा पूजा देवी राठौर संचालक कोंचिंग सेंटर नरायनपुर औरैया ससुर राधाकृष्ण राठौर आयेदिन मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे कि तू घर से भाग जा कहीं और आदगी करले मैं तुझे अपने घर में नहीं रख सकता हूँ। मेरी वेटी का सामान बाहर फेंक दिया जवकि शामिल के मकान बिकी व गाड़ी बिकी की धनराशि से एक प्लाट ससुर ने खरीदा था तथा हिस्से में एक दुकान मिली थी। पूर्व में दुकाने मेन मार्केट से बेंचकर मकान को निर्मित कराया। मेरी बेटी के पति के निधन पर ससुर ने उक्त दुकान एवं मकान ननद शिक्षिका बर्षादेवी के नाम कर दिया। यह नही मौसिया सास ममता देवी पत्नी नामालूम निवासी आवास बिकास औरैया फफुआ सास कमलेश पत्नी विश्वनाथ निवासी परवाह दिवियापुर औरैया प्रताड़ित करने में गहरी साजिश रचते हैं। वहीं चचिया ससुर श्रीकृष्ण राठौर का पुत्र देव राज राठौर मेरे बेटी के सास ससुर की साजिश पर छेड़खानी करता है और जबरन शादी करने का दबाब बनाता है। वही शादी न करने पर जान से मारने की धमकी मेरी वेटी और मेरे परिवार को देता है। चचिया ससुर श्रीकृष्ण राठौर बेटी ऋतु देवी व दामाद जितेन्द्र राठौर जो कि वकील है। वह मुझे प्रताड़ित करने एवं जबरन गंदा काम कराने की साजिश रचता है तथा कहता है कि मैं वकील हूँ मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उक्त सभी मरे साथ एवं मेरी बेटी के साथ कोई भी घिनौनी हरकत कर सकता है। वहीं ममिया ससुर सुरेन्द्र राठौर का पुत्र गजेन्द्र राठौर कठफोरी इटावा भी मेरी पुत्री के साथ गलत आचरण करता है। कमरे की कुण्डी लगा देता है वहीं तरह तरह से प्रताड़ित करता है।उक्त ने गुहार लगाई है कि प्रार्थी की पुत्री को प्रताड़ित करने वाले सभी उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करते हुये न्याय दिलाया जाये उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने उक्त को आश्वस्त किया है कि समस्या के समाधान हेतु संबंधित के पास पत्र भेजा जाएगा



# माधौगढ़ में होटल, कोचिंग और लाइब्रेरी पर प्रशासन का चला चैकिंग अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** लखनऊ में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उत्तर प्रदेश शासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के अनुपालन में प्रदेशभर में अवैध रूप से संचालित और अग्निशमन मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान छेड़ दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार, 25 जून को जालौन के माधौगढ़ कस्बे में प्रशासनिक अमले ने भारी पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह यादव के नेतृत्व में चली इस संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया। टीम ने अचानक कस्बे के विभिन्न होटलों, ढाबों, कोचिंग संस्थानों और छात्र-छात्राओं की लाइब्रेरी में दस्तक दी। जांच के दौरान अधिकारियों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं को परखा: संकट के समय बाहर निकलने का रास्ता सुलभ है या नही संस्थानों में अग्निशमन सिलेंडर चालू हालत में हैं या सिर्फ दिखावे के लिए टांगे गए हैं। वही रजिस्ट्रेशन है या नही, कोचिंग और लाइब्रेरी में क्षमता से अधिक बच्चों के बैठने और हवा के उचित प्रवाह (वेंटिलेशन) की स्थिति।

प्रशासन की सख्त हिदायत

जांच में कई स्थानों पर कमियां और सुरक्षा मानकों में लापरवाही देखने को मिली, जिस पर अधिकारियों ने गहरी नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने संबंधित संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनहानि को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि तय समय सीमा के भीतर सभी कमियों को दूर कर लिया जाए, अन्यथा संस्थान को सील करने और कानूनी कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान थाना पुलिस और फायर सर्विस के कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल, चालक फरार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** उरई कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक युवक अपनी बाइक से उरई की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार डंपर चालक और वाहन की पहचान करने में जुटी हुई है। मामले की जांच जारी है।

# ड्यूटी के दौरान कोतवाली में तैनात सिपाही मर्यादा हीनता में निलंबित, साथी लेडी सिपाही पर बैठा दी जांच

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** उरई कोतवाली में तैनात एक सिपाही को विभागीय अनुशासनहीनता के मामले में निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कोतवाली के कंट्रोल रूम में ड्यूटी के दौरान हुई एक घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है। वहीं मामले में संबंधित महिला कांस्टेबल की भूमिका की भी जांच बैठा दी गई है।

जानकारी के अनुसार, प्रयागराज निवासी सिपाही अरविंद पटेल वर्ष 2018 बैच के पुलिसकर्मी हैं और वर्तमान में उरई कोतवाली में मुंशी के पद पर कार्यरत थे। बुधवार रात वह कंट्रोल रूम में कंप्यूटर पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला कांस्टेबल वहां पहुंची। वायरल सीसीटीवी फुटेज में दोनों के बीच कथित रूप से आपत्तिजनक व्यवहार दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिपाही अरविंद पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही महिला कांस्टेबल की भूमिका की भी जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस विभाग में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी कर्मचारी द्वारा सेवा नियमों के विपरीत आचरण पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिस प्रशासन ने तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# माधौगढ़ में साप्ताहिक बंदी का उल्लंघनः दुकानदारों ने की संपूर्ण बंदी और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन ):** नगर पंचायत माधौगढ़ में साप्ताहिक बंदी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। निर्धारित दिन होने के बावजूद नगर में धड़ल्ले से दुकानें खोली जा रही हैं। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों का आरोप है कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है।

व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जालौन जनपद के अन्य प्रमुख कस्बों और तहसीलों—जैसे उरई, जालौन शहर, कोंच और कालपी—में साप्ताहिक बंदी का पूरी तरह से पालन किया जाता है। वहां तय दिन पर सभी बाजार पूरी तरह बंद रहते हैं। इसके विपरीत, माधौगढ़ नगर में कुछ दुकानदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो नियमों की परवाह है और न ही स्थानीय प्रशासन या कार्रवाई का कोई डर है। वर्तमान स्थिति यह है कि साप्ताहिक बंदी के दिन भी नगर की केवल 40 प्रतिशत दुकानें ही बंद रहती हैं, जबकि लगभग 60 प्रतिशत दुकानें बेझिझक खुली रहती हैं। इस वजह से नियम का पालन करने वाले और अपनी दुकानें बंद रखने वाले ईमानदार व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था से तंग आकर नगर के सजग दुकानदारों ने एकजुट होकर शासन और प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि गुरुवार के दिन माधौगढ़ में संपूर्ण बंदी लागू की जाए। व्यापारियों ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि गुरुवार को बाजार का औचक निरीक्षण किया जाए और नियमों का उल्लंघन कर दुकानें खोलने वाले दुकानदारों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अपनी मांग बुलंद करने के लिए सोहेल खान, सुमित राजा, राजा खान, संतोष कुमार, छन्नू, और मुन्ना सहित नगर के कई प्रमुख दुकानदार और व्यापारिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

## सुरक्षा, सील एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का किया गहन परीक्षण, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता रही सुनिश्चित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस (प्रथम एवं द्वितीय) का निर्धारित त्रैमासिक स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउसों को विधिवत खोला गया तथा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सील, अभिलेखों एवं लॉग-बुक का परीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन कर आवश्यक टिप्पणियां भी अंकित कीं। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का भी अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वेयरहाउस की 24 घंटे संचालित निगरानी व्यवस्था से अवगत कराया गया तथा सीसीटीवी फुटेज का प्रदर्शन कर सुरक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय-समय पर वेयरहाउस का निरीक्षण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण कराया जाता है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति सभी राजनीतिक दलों एवं आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत बना रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव राज, उप जिलाधिकारी उरई एवं प्रभारी ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस ज्योति सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं प्रभारी अधिकारी ईवीएम-वीवीपैट अखिलेश तिवारी, ईवीएम सहायक तलहा मजहर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में समाजवादी पार्टी से राजीव शर्मा एवं जमाल उद्दीन, बहुजन समाज पार्टी से जिला अध्यक्ष बृजेश जाटव एवं जिला सचिव भगवती शरण पांचाल, भारतीय जनता पार्टी से प्रभारी निर्वाचन शांति स्वरूप महेश्वरी, अपना दल (एस) से जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी तथा सीपीआई (एम) से जिला सचिव विनोद कुमार नगरिया सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# यूपी में स्टांप चोरी का बड़ा खुलासा, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल अनुबंध में पकड़ी गई 13.34 करोड़ की स्टांप चोरी

**बांदा।** स्टांप एवं निबंधन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल संचालन से जुड़े 333.65 करोड़ रुपये के अनुबंध में 13.34 करोड़ रुपये की स्टांप चोरी का राजफाश किया है।

मामले में मंगलवार को एआइजी निबंधन की अदालत में स्टांप चोरी का वाद दर्ज कराया गया है। जांच में सामने आया कि करोड़ों रुपये के इस अनुबंध पर केवल 100 रुपये का स्टांप पेपर लगाया गया था, जबकि नियमानुसार 13.34 करोड़ रुपये से अधिक का स्टांप शुल्क देय था। चित्रकूटधाम मंडल के उप महानिरीक्षक निबंधन(डीजाईजी) रईस अहमद खां और बांदा के सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रवींद्र सिंह सचान द्वारा की गई जांच में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) तथा मेसर्स दातार सिक्योरिटी सर्विस ग्रुप (कंसोर्टियम विद मेसर्स श्री साई इंटरप्राइजेज) के बीच 10 अक्टूबर 2024 को हुए टोल एग्रीमेंट का परीक्षण किया गया। डीजाईजी निबंधन रईस अहमद खां ने बताया कि यह अनुबंध 10 अक्टूबर 2024 से 10 अक्टूबर 2026 तक दो वर्षों के लिए किया गया था। अनुबंध के अनुसार पहले वर्ष कंपनी को एक अरब 58 करोड़ 88 लाख 42 हजार 999 रुपये तथा दूसरे वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ एक




अरब 74 करोड़ 77 लाख 27 हजार 299 रुपये का भुगतान किया जाना था। इस प्रकार अनुबंध की कुल कीमत 333 करोड़ 65 लाख 71 हजार रुपये निर्धारित थी। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टांप अधिनियम की अनुसूची-1(ख) के अनुच्छेद-35 के अनुसार इस अनुबंध पर चार प्रतिशत स्टांप शुल्क देय था, जिसकी राशि 13 करोड़ 34 लाख 62 हजार 840 रुपये बनती है। लेकिन संबंधित कंपनी द्वारा केवल 100 रुपये का स्टांप पेपर प्रयोग किया गया। इसी आधार पर स्टांप चोरी का मामला दर्ज किया गया है। डीजाईजी ने बताया कि यह अनुबंध केवल किसी सेवा के संचालन का नहीं था, बल्कि कंपनी को चित्रकूट से इटावा तक पूरे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सभी टोल प्लाजा से टोल वसूली का अधिकार दिया गया था। इस कारण यह अनुबंध राजस्व संग्रह के अधिकार हस्तांतरण की श्रेणी में आता है, जिस पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क देय था। उन्होंने बताया कि विभागीय बैठकों में समय-समय पर बड़े टोल अनुबंधों की जांच के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद यूपीडा से दो बार पत्राचार कर संबंधित दस्तावेज मांगे गए। आवश्यक अभिलेख प्राप्त होने के बाद जांच की गई, जिसमें स्टांप शुल्क की बड़ी चोरी का मामला सामने आया। डीजाईजी रईस अहमद खां ने बताया कि नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, विकास प्राधिकरणों, मंडी परिषदों तथा अन्य सरकारी और अर्द्धसरकारी संस्थाओं के एग्रीमेंट एवं अपंजीकृत लेखपत्रों की भी जांच कराई जा रही है। जहां भी स्टाम्प अधिनियम के उल्लंघन या राजस्व हानि के मामले सामने आएंगे, वहां स्टांप चोरी का वाद दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।डीजाईजी ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व हितों की सुरक्षा तथा स्टांप शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल अनुबंध में पकड़ी गई यह स्टांप चोरी अभियान की अब तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।एआइजी स्टांप बांदा की कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है, हालांकि मामला बड़ा है इसलिए यह प्रकरण जिलाधिकारी बांदा की कोर्ट में चलेगा, जहां जिलाधिकारी कोर्ट से कंपनी को नोटिस देकर स्टाम्प शुल्क वसूला जाएगा।

रईस अहमद खां, डीजाईजी स्टाम्प, चित्रकूट धाम मंडल बांदा

घटनाक्रम एक नजर में

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल संचालन अनुबंध की जांच स्टाम्प विभाग ने शुरू की।

अनुबंध 10 अक्टूबर 2024 से 10 अक्टूबर 2026 तक दो वर्षों का पाया गया।

कुल अनुबंध मूल्य 333.65 करोड़ रुपये निर्धारित मिला।

जांच में केवल 100 रुपये के स्टाम्प पर एग्रीमेंट निष्पादित होना सामने आया।

नियमानुसार 13,34,62,840 रुपये (तेरह करोड़ चौतीस लाख बासठ हजार आठ सौ चालीस रुपये) स्टाम्प शुल्क देय पाया गया।

यूपीड़ा से दो बार पत्राचार के बाद अनुबंध की प्रति उपलब्ध कराई गई।

दस्तावेजों के परीक्षण के बाद स्टाम्प चोरी का मामला पकड़ा गया।

एआइजी निबंधन की अदालत में मंगलवार को स्टाम्पवाद दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

मामला अब जिलाधिकारी बांदा की अदालत में विचाराधीन होगा।

वहां से कंपनी को नोटिस जारी कर स्टाम्प शुल्क की वसूली की जाएगी।

# यूपी के सरकारी स्कूलों में होगा एमएमसी का गठन, 75 प्रतिशत सदस्य होंगे विद्यार्थियों के अभिभावक

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का गठन किया जाएगा। समिति में 75 प्रतिशत सदस्य विद्यार्थियों के अभिभावक या संरक्षक होंगे, जिससे स्कूल के संचालन, विकास और विद्यार्थियों की पढ़ाई से जुड़े निर्णयों में अभिभावकों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी। शिक्षा मंत्रालय की ओर से निर्देश दिए गए थे कि शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर विद्यालय प्रबंध समिति का गठन कर लिया जाए, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।




अब एक जुलाई से राजकीय माध्यमिक विद्यालय खुलने के साथ ही समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज की जाएगी। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर समिति के सदस्यों की संख्या तय होगी। 100 तक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 15 सदस्य, 101 से 500 विद्यार्थियों तक वाले विद्यालयों में 20 सदस्य और 500 से अधिक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 25 सदस्य होंगे। समिति में कुल सदस्यों का 75 प्रतिशत हिस्सा अभिभावकों का होगा, जबकि शेष 25 प्रतिशत सदस्य स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी और वंचित वर्ग के प्रतिनिधि होंगे। समिति में महिलाओं की भागीदारी कम से कम 50 प्रतिशत रहेगी। अध्यक्ष किसी अभिभावक को बनाया जाएगा। कार्यकाल दो वर्ष का होगा। विद्यालय प्रबंध समिति के तहत भवन निर्माण उप समिति और शैक्षणिक उप समिति का भी गठन किया जाएगा। इनमें भी अभिभावक सदस्य रहेंगे। अभिभावकों की भागीदारी बढ़ने से विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता और स्कूल की जरूरतों पर अधिक प्रभावी तरीके से काम किया जा सकेगा।

# यूपी बीजेपी पंकज चौधरी की टीम में राजनाथ के छोटे बेटे नीरज सिंह की एंट्री, उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी बीजेपी के संगठन का ऐलान गुरुवार किया गया है। यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 2027 विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने के लिए बनी नई टीम की घोषणा की है। यूपी बीजेपी की पंकज चौधरी की टीम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह को भी एंट्री मिली है। नीरज सिंह को यूपी बीजेपी संगठन में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष बने नीरज सिंह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे हैं।

दरअसल, जानकारी के मुताबिक यूपी बीजेपी की टीम में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अभी तक राजनाथ सिंह के बड़े बेटे पंकज सिंह संभाल रहे थे। बीजेपी ने नोएडा के विधायक पंकज



सिंह की जगह नीरज सिंह को जिम्मेदारी दी है। नीरज सिंह के अलावा समाजवादी पार्टी की बागी विधायक पूजा पाल को भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। इसके साथ ही बाराबंकी की पूर्व सांसद प्रियंका रावत को महामंत्री से उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस टीम में जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश की गई है। उपाध्यक्ष की सूची में 19 नाम है। नीरज, पूजा पाल और प्रियंका के अलावा सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, दर्विुर्विजय शाक्य, रमेश सिंह, अर्चना मिश्रा, शंकर गिरी, कामेश्वर सिंह, कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय और आलोक गुप्ता के नाम भी शामिल है।

**पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर के लिये क्षेत्रीय अध्यक्ष भी घोषित**

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राज्य इकाई के पदाधिकरियों की सूची जारी की है, जिसमें आठ महासचिव बनाये गये हैं। पार्टी की ओर से जारी सूची में इसकी जानकारी दी गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी सूची के अनुसार राज्य में आठ महामंत्री और 19 मंत्री बनाए गए हैं। इसके मुताबिक इसी तरह पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर के लिये क्षेत्रीय अध्यक्ष भी घोषित किए गए हैं। सूची में कहा गया है कि प्रदेश महामंत्री बनाये गये नेताओं में रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल और राजेश चौधरी शामिल है।सूची में कहा गया है कि जिन लोगों को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है उनमें नवाब सिंह नागर - क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिम), पूरन लाल लोधी - क्षेत्रीय अध्यक्ष (ब्रज), राम किशोर साहू - क्षेत्रीय अध्यक्ष (कानपुर), अवधेश द्विवेदी - क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध), अशोक चौरसिया - क्षेत्रीय अध्यक्ष (काशी), और विनोद राय - क्षेत्रीय अध्यक्ष (गोरखपुर) शामिल हैं।

# यूपी में डॉक्टर के परचे पर ही बिकेगी गर्भपात की गोली, नियम तोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई


**लखनऊ।** सरकार ने एमबीबीएस, एमडी, एमएस डाक्टरों के परचे के बगैर मेडिकल स्टोरों से गर्भपात की दवा की बिक्री की उच्च स्तरीय जांच कराने और बिक्री मिलने पर कार्रवाई का आदेश दिया है।



उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने दवा बिक्री और चिकित्सीय मानक पूरे किये बगैर लड़कियों का गर्भपात कराने की शिकायत पर महानिदेशक (डीजी) स्वास्थ्य से एक हफ्ते में रिपोर्ट तलब की है। मऊ के कई निजी अस्पतालों में किशोरियों के गर्भपात की शिकायते की जा रही थीं। यह आरोप भी लग रहा है कि बिना अधिकृत डाक्टर के परचे के ही मेडिकल स्टोंरों से गर्भपात की दवायें बेची जा रही हैं। जो जीवन के लिए हानिकारक होती हैं। बिना चिकित्सक के डोज निर्धारित किये दवा के सेवन से जान भी जा सकती है। ऐसी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने जांच का आदेश दिया है। डीजी (स्वास्थ्य) डा.पवन कुमार अरूण का कहना है कि अपर निदेशक स्वास्थ्य की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया जा रहा है जो मऊ जाकर किशोरियों के गर्भपात कराने की मामले की जांच करेगी और गर्भपात की दवा की बिना डाक्टर परचे बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर साझा अभियान चलाया जाएगा।

# आसमान से नोटों की बारिश 500-500 के नोट बिखरे पड़े, यूपी में फ्लैक्सी बाबा ने बनाई करोड़ों की कोठी

**अमरोहा।** एआई के दौर में तंत्र क्रिया जैसा अंधविश्वास... और पैसे के लालच में उसमें फंसते लोग। आज भी सुनने को मिलता है तो अजीब लगता है। क्या यह सच है? बड़ा सवाल दिमाग में कौंधने लगता है। जाने आलम जैसे तांत्रिक लोगों को मायाजाल में फंसा कर धन हड़पने का काम आज भी आसानी से कर रहे हैं।




फिंगर प्रिंट लगे गेट वाले आलीशान मकान में रहने वाले जाने आलम ने लोगों को झांसे में लेने के लिए घर में ही केदारनाथ व बद्रीनाथ मंदिर के प्रतिरूप घर में बना रखे हैं। एक छोटी मस्जिद, चर्च व गुरुद्वारा का प्रतिरूप भी उसके घर में मौजूद है। तंत्र क्रिया से पैसे दोगुना करने यानि जिन्न द्वारा आसमान के धनवर्षा कराने को जानेआलम फ्लैक्सी कहकर संबोधित करता है। उसकी कई वीडियो इंटरनेट मीडिया पर एक के बाद एक प्रसारित हो रही हैं। जिनमें वह तंत्र क्रिया करता नजर आ रहा है। गजरौला का मुहल्ला अतरपुरा। यहां नई आबादी में एक आलीशान कोठी खड़ी है, जिसका गेट केवल फिंगर प्रिंट से ही खुलता है। तीन मंजिला यह कोठी तांत्रिक जाने आलम की है। यह वही जाने आलम है जो लोगों को तंत्र क्रिया से धन दोगुना करने का झांसा देकर पैसे ठगने का काम करता है। हैरत की बात तो यह है कि लोग उसके झांसे में आकर मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं। कई तो ऐसे हैं जिन्होंने ब्याज पर पैसे लेकर उसे दिए हैं।बछरायूं के गांव सरकड़ा कमाल निवासी आकाश चौधरी उसके झांसे में आकर 1.80 करोड़ रुपये गवां चुके हैं। उन्होंने इस तांत्रिक की पोल खोली तो अब एक के बाद एक कई राज खुलकर सामने आ गए। अतरपुरा के हाशिम नौ लाख तो बछरायूं के नवाब 20 लाख रुपये लुटा चुके हैं। कई ऐसे लोग हैं जो बदनामी के चलते सामने नहीं आए हैं। अब आते हैं जानेआलम की तंत्र क्रिया की तरफ। दरअसल लोगों को वह पहले पांच-दस हजार रुपये दोगुना कर उन्हें अपने झांसे में लेता है। यदि किसी शिकार ने पांच हजार देकर अजमाइश की तो उसे तंत्र क्रिया से दस हजार करने का झांसा देकर भरोसे में लेता है। उसके बाद ठगी का सिलसिला चलता है। जानेआलम दावा करता है कि हर धर्म के जिन्न उसके कब्जे में हैं। तंत्र क्रिया से वह उनके धन दोगुना कराता है। झांसे को मजबूत बनाने के लिए उसने घर में केदारनाथ व बद्रीनाथ मंदिर के प्रतिरूप, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च के प्रतिरूप भी घर में ही बना रखे हैं। यदि शिकार मुसलमान है तो उसे मस्जिद में तंत्र क्रिया करते वीडियो भेजता है। हिंदु है तो केदारनाथ-बद्रीनाथ मंदिर के प्रतिरूप के सामने की वीडियो भेजता है। यही काम अन्य धर्म के लोगों के लिए करता है। एक दशक से लोगों को ठगी का शिकार करने वाले वाला जाने आलम अकेला नहीं है। उसके साथ कई अन्य लोग भी हैं। जिन्न द्वारा धन दोगुना करने की प्रक्रिया को वह फ्लैक्सी कहता है। उसका दावा है कि तंत्र क्रिया से खुश होकर जिन्न उसे नोटों की फ्लैक्सी करते हैं। अब कस्बा में वह फ्लैक्सी बाबा के नाम से चर्चित है। तंत्र क्रिया करते हुए उसकी कई वीडियो भी प्रसारित हो रही हैं। किसी वीडियो में वह बंद कमरे में गड्डी दिखा रहा है तो कहीं तंत्र क्रिया कर रहा है। जबकि एक वीडियो में जंगल में तंत्र क्रिया करता दिख रहा है। हालांकि भंडाफोड़ होने के बाद आरोपित फिलहाल घर से फरार है। केवल गजरौला ही नहीं बल्कि जिलेभर में उसकी चर्चा हो रही है। आज के वैज्ञानिक युग में जिस प्रकार से तांत्रिक जानेआलम लोगों को झांसे में लेता है वह हास्यपद है। उसका कहना है कि यदि तंत्र क्रिया करते समय मौसम खराब हो जाता है तो जिन्न से उसका संपर्क टूट जाता है। ऐसे में दोगुना करने के लिए लगाई गई रकम नष्ट हो जाती है। शिकार को फिर से पैसे देने पड़ते हैं। तांत्रिक जानेआलम की कई वीडियो दैनिक जागरण के पास मौजूद हैं। जिनमें वह नोटों की गड्डियों के सामने बैठा है। एक वीडियो में 500-500 के नोट बिखरे पड़े हैं। कह रहा है कि अभी फ्लैक्सी हुई है, जबकि दूसरी वीडियो में वह नोटों की गड्डी दिखा कर कहता नजर आ रहा है कि देखो असली गड्डी हैं, चौहान साहब की फ्लैक्सी चल रही है। तीसरी वीडियो में नोटों की गड्डी जमीन पर फैली हुई हैं तथा वह दीपक जलाकर तंत्र क्रिया कर रहा है। जबकि चौथी वीडियो में जंगल में तंत्र क्रिया करता नजर आ रहा है। तंत्र क्रिया से धन दोगुना का झांसा देकर पैसे लेने की मामला संज्ञान में आया है। वीडियो भी सामने आई हैं। मामले की जांच कर कार्रवाई कराई जा रही है। पीड़ितों से तहरीर मांगी गई है।

# आदिवासी जमीन की अवैध खरीद पर एक्शन! यूपी संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय राणा और डीपी शुक्ला बाहर

**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ में हुए पौने आठ करोड़ रुपये के जमीन विवाद में कार्रवाई हुई है। सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल स्थित गौरी गांव में साढ़े चार एकड़ आदिवासी जमीन की नियम विरुद्ध खरीद-फरोख्त की गई थी।

इसके आरोप में संघ के तत्कालीन अध्यक्ष विजय सिंह राणा, वर्तमान महासचिव डीपी शुक्ला और तत्कालीन कोषाध्यक्ष देवेश अवस्थी को संस्था से निष्कासित कर दिया गया है।वर्तमान अध्यक्ष अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की आपात बैठक में यह फैसला लिया गया। संघ से निष्कासित होते ही डीपी शुक्ला से मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सचिव का पद भी छीन लिया गया है। उनके स्कूल परिसर में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। उनकी जगह संयुक्त सचिव ललन प्रसाद राय को महासचिव का अस्थाई प्रभार सौंपा गया है। यह कार्रवाई अनुराग अग्निहोत्री की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय विशेष जांच कमेटी की अनुशंसा पर की गई है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष



2019 में विजय सिंह राणा और डीपी शुक्ला ने गुपचुप तरीके से गौरी गांव में जमीन खरीदने की योजना बनाई थी। जुलाई 2020 में वैश्विक महामारी (कोरोना काल) का बहाना बनाकर बिना आमसभा या कार्यकारिणी को भरोसे में लिए इस जमीन को अतुल और अनाहिता टॉक से 7.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया गया।

जांच में हुआखुलासा:

जांच कमेटी ने पाया कि यह विवादित जमीन 1964 के सरकारी खतियान में मूल रूप से आदिवासी (मोहन सिंह भूमिज) के नाम पर दर्ज थी।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत इस जमीन की खरीद पूरी तरह अवैध और असुरक्षित थी।

बिना बताए 2 करोड़ का अतिरिक्त सुलहनामा

पूर्व पदाधिकारियों ने दावा किया था कि कोर्ट के आदेश से यह जमीन गैरआदिवासी जगरूप सिंह के नाम हस्तांतरित हुई थी, लेकिन वे जांच कमेटी के समक्ष कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जब खतियानी रैयत के वंशजों ने इस खरीद के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा किया तो डीपी शुक्ला ने संस्था को धोखे में रखकर उनके साथ एक गुप्त सुलहनामा कर लिया। इस मनमाने समझौते के तहत अब संघ को दो करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम चुकानी पड़ेगी। इसके अलावा, राणा और शुक्ला पर खुद का एक निजी 'उत्तर प्रदेश संघ ट्रस्ट' बनाकर बिना किसी निविदा (टेंडर) के वहां अवैध निर्माण कार्य शुरू कराने का भी गंभीर आरोप है। इस बैठक में उपाध्यक्ष रवि दुबे, ओंकार नाथ सिंह, और कोषाध्यक्ष गिरीश तिवारी समेत अन्य सदस्यों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का समर्थन किया। वहीं, अमेरिका में मौजूद संघ के सदस्य तरुणकांत सिंह ने भी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से दोषियों को बाहर का रास्ता दिखाने पर अपनी सहमति जताई। गौरी गांव में जमीन खरीद मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर डीपी शुक्ला, विजय सिंह राणा और देवेश अवस्थी की संघ सदस्यता समाप्त कर दी गई है। ललन प्रसाद राय फिलहाल महासचिव का दायित्व संभालेंगे। जल्द ही आमसभा बुलाई जाएगी।

# यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर: सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के लिए सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड का थ्री-एस मॉडल बन चुका है। उद्योग के लिए ये तीनों आयाम सबसे महत्वपूर्ण हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, बेमिसाल कनेक्टिविटी, पारदर्शी प्रशासन और संस्थाओं का बेहतर नेटवर्क नए उत्तर प्रदेश की पहचान है।

स्किल्ड टैलेंट, टेक्नोलॉजी और इन्वेस्टमेंट-फ्रेंडली पॉलिसी, कुल मिलाकर एक संपूर्ण इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम आज नए भारत के नए यूपी में मौजूद है। मुख्यमंत्री बुधवार को बेंगलुरु में 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग 2026' के तहत रोडशो में बिजनेस लीडर्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा दिन सभी इन्वेस्टर्स और अलग-अलग सेक्टर के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ संवाद करने का अवसर मिला। हमने देखा कि कैसे बेंगलुरु एक गार्डन सिटी से विकसित होकर ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस बना। बेंगलुरु की ग्रोथ स्टोरी आपने देखी-सुनी है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की जो कहानी आप यहां सुन रहे हैं, उसे आप उत्तर प्रदेश में जाकर स्वयं महसूस करेंगे, मैं आपको इसके लिए आमंत्रित करने आया हूं। सीएम ने कहा कि हमें गर्व है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। भारत को दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। और, पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को इस ग्रोथ स्टोरी में सहभागी बनने का सौभाग्य मिला है। पहले यूपी की छवि बहुत अच्छी नहीं थी। बिगड़ी कानून व्यवस्था, पॉलिसी पैरालिसिस, गवर्नेंस का अभाव और 'बीमारू राज्य' की पहचान थी हमारी। पलायन नियति बन चुका था। कृषि व एमएसएमई से लोगों का नाता टूट चुका था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में अब वह सब मिलेगा, जिसकी भारत को अपेक्षा है। बेहतर लॉ एंड ऑर्डर, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, देश के 60% एक्सप्रेसवे, 16,000 किमी रेल नेटवर्क और 4 लाख किमी सड़क नेटवर्क यूपी के पास है। वाराणसी-हल्दिया राष्ट्रीय जलमार्ग, दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल, सात शहरों में मेट्रो, ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन, 5 अंतरराष्ट्रीय व 11 घरेलू एयरपोर्ट के रूप में बेमिसाल कनेक्टिविटी यूपी की पहचान है। 5 नए एयरपोर्ट पर सरकार काम कर रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गत 15 जून से कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्रीने कहा कि स्थिरता व सुरक्षा का परिणाम है कि यूपी अब बीमारू राज्य से निकलकर देश की टॉप-3



अर्थव्यवस्था बन चुका है। पिछले 6 साल से हम रेवेन्यू सरप्लस स्टेट हैं। 9 साल में अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय तीन गुना हुई। हमारे पास 36 सेक्टरल पॉलिसीज के साथ 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 स्थानों पर इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। बीडा के रूप में सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल सिटी विकसित हो रहा है। निवेशकों को स्किल्ड मैनपावर के प्रति आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी हर साल 2 लाख स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथ) ग्रेजुएट्स तैयार करता है। 2 आईआईटी, एक आईआईएम, तीन स्टेट टेक्निकल यूनिवर्सिटी और तकनीकी-व्यावसायिक शिक्षा का बड़ा नेटवर्क युवाओं को हर क्षेत्र में दक्ष बना रहा है। हम उद्योग की जरूरत के अनुसार इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में स्किल्ड मैनपावर तैयार कर रहे हैं। कृषि व एमएसएमई क्षेत्र की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 साल में हमारी कृषि ग्रोथ रेट 8% से बढ़कर 18% हुई। पांच कृषि विश्वविद्यालयों व 89 किसान विकास केंद्रों के माध्यम से किसानों को ट्रेनिंग व मार्केट से जोड़ा गया है। यूपी के पास देश में सर्वाधिक 86% सिंचित कृषि भूमि है। राज्य में 96 लाख एमएसएमई यूनिट संचालित हैं, जिन्हें ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना से जबरदस्त प्रोत्साहन मिला है। इस योजना के माध्यम से हर जिले का एक विशिष्ट उत्पाद ब्रांड बना है। पिछले 9 साल में 18,000 से अधिक बड़े औद्योगिक संस्थान यूपी में स्थापित किए गए। 9 साल पहले राज्य में मात्र 14,000 बड़े कारखाने थे, जिनकी संख्या आज 33,000 से अधिक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बिजनेस लीडर्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर निवेशक को सुरक्षा, सिंगल विंडो सुविधा और नीतिगत स्थिरता देगी। यूपी के बारे में आपने जो संभावनाएं सुनी हैं, उन्हें आप अपने निवेश से स्वयं महसूस करेंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब यूपी की ग्रोथ स्टोरी में सहभागी बनकर विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने रोडशो में उपस्थित सभी इंडस्ट्री लीडर्स व सीईओज का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव (उद्योग) आलोक कुमार, प्रमुख सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) आलोक कुमार, यीडा के सीईओ आर.के. सिंह तथा उद्योग जगत के लीडर्स व सीईओज उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चालक की भी होगी पहचान, वाहन पर चस्पा होगी जानकारी : जिलाधिकारी

- नगर निगम द्वारा आवंटित स्थल पर ही संचालित हो ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शा के लिए वैध पार्किंग, अवैध पार्किंग पर करें कार्यवाही :- जिलाधिकारी
- नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन में अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्यवाही:- जिलाधिकारी
- स्टंटबाजी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश,18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर हो कार्यवाही
- बड़ागांव क्षेत्र के 26-27 अवैध कट बंद कराए जाने के निर्देश, दुर्घटना बाहुल्य अवैध कट को कटीले तारों से करें बंद

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने नगर में आम जनमानस को प्रॉपर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए डिटेल ट्रैफिक प्लान पर चर्चा की, उन्होंने पुलिस द्वारा 18 प्वाइंट्स पर पार्किंग बनाए जाने के सुझाव पर सभी बिंदुओं को नगर निगम से साझा करने के निर्देश दिए ताकि जो क्षेत्र अभी छूट रहे हैं, उन्हें भी शामिल किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जीवनशाह से बीकेडी,ईलाइट चौराहा से चित्रा चौराहा एवं गोविंद चौराहे से मिनर्वा चौराहा के मध्य पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने झोकन बाग बांस मंडी के पीछे पार्किंग के लिए खाली जगह पर नगर निगम, जेडीए, सीईओ ट्रैफिक की संयुक्त टीम बनाकर मौके का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए ताकि पार्किंग की संभावना को देखा जा सके। उन्होंने कहा कि नगर में नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए हैं। यदि ऐसे स्थानों पर अतिक्रमण होता पाया जाता है, तो सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया कि जल्द ही एसओपी जारी होगी, जिसके माध्यम से कोई ओवरलोड वाहनों कार्यवाही से नहीं बच सकेगा। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग वाहनों पर सौ फीसदी कार्यवाही होना सुनिश्चित करें। एक भी ऐसा वाहन न मिले जिस पर नंबर प्लेट न हो,नंबर प्लेट पर गंदगी हो या कुछ ऐसा कि उस नंबर को पढ़ा न जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी आधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री रजनीश गुप्ता ने बताया कि के गरौठा क्षेत्र में रमपुरा सिमरधा मार्ग, गरौठा–मोतीकटरा –कुरैछा मार्ग,दुगारा–बगरौनी– मारकुआं–गुढ़ा मार्ग एवं झांसी क्षेत्र में रक्सा–करारी मार्ग जो नवनिर्मित निर्माण था,बालू खनन एवं क्रेशर द्वारा क्षतिग्रस्त हो रहा है। ऐसे मार्गों पर ओवरलोड वाहन रोकना जरूरी है ताकि सड़क को सुरक्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां टोल बचाने व ओवरलोड वाहन निकलते हैं उन मार्गों पर तत्काल चिप युक्त कैमरे और ट्रैफिक वैरियर लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्यवाई की जा सके। बैठक में ट्रैफिक प्लान पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने नगर में बढ़ते ई–रिक्शा एवं ऑटो–रिक्शा चालकों की पहचान कराते हुए ऑटो रिक्शा पर ही समस्त जानकारी चस्पा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीओ सिटी को ई–रिक्शा/ ऑटो–रिक्शा के लिए नगर निगम द्वारा आवंटित स्थान सभी प्रकार की सुविधाओं सहित पार्किंग के अतिरिक्त अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने एआरटीओ को निर्देशित किया की समस्त विद्यालयों के स्कूली वाहनों की जांचोपरांत अनफिट स्कूली वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न चले। इसे कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने ऐसे वाहनों को सीज़ करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूली वाहनों के प्राइवेट ड्राइवरों का वेरिफिकेशन एंव उनकी चिकित्सीय जांच भी कराना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बड़ागांव क्षेत्र से लगातार दुर्घटनाओं की जानकारी पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने एनएचएआई को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगभग 26–27 ऐसे चिन्हित क्षेत्र हैं,जहां लगातार अवैध कट के कारण दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। एनएचएआई द्वारा बताया गया कि अभी टेम्परेरी बंद किए गए हैं, जल्द ही स्थायी रूप से बंद कर दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे अवैध कट पर बैरियर अथवा कटीले तार लगाते हुए उन्हें बंद किया जाए, ताकि हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनबाड,अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी न्याय श्री अरुण कुमार गौड़, एसपी सिटी श्रीमती प्रीति सिंह, सीओ सिटी श्री रामवीर सिंह, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री संदीप शर्मा, एनएचएआई सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की जिला कार्य योजना बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी की जिला पदाधिकारी बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सबसे पहले दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने आपातकाल के काले अध्याय पर चर्चा करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को देश में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और हजारों लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और संविधान के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी ने आपातकाल पर चर्चा करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि उस दौर में लोकतंत्र की हत्या की गई, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता छीन ली गई और हजारों लोगों को बिना कारण जेलों में डालकर यातनाएं दी गईं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक बार जरूर पढ़ें कि आपातकाल के दौरान क्या–क्या अत्याचार और जुर्म किए गए तथा लोकतंत्र सेनानियों ने किस प्रकार यातनाएं सहन कीं। जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत मण्डल स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम के द्वारा 6 जुलाई तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष चंचल कंथरिया ने मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा की उन्होंने कहा कि आगामी 28 जून रविवार को अपने अपने बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात जरूर सुने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक पूरे जिले में बलिदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं और आमजन को डॉ. मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराया जा रहा है। प्रदीप पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक राष्ट्रवादी एवं दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू–कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का विरोध करते हुए देश की एकता के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी देश के युवाओं और कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा उनके आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पखवाड़ा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को समाज तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी , जिला महामंत्री डॉ अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल, वीरेंद्र नायक, सतेंद्र खरे, चंचल कंठरिया, जिला मंत्री यशोदा कुशवाहा, हाकिम सिंह चौहान, यज्ञेश यादव, मनीष कोरी अखिलेश मौर्य, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र तिवारी, मण्डल अध्यक्ष बामौर पुष्पेंद्र दुबे,रोहित परिहार, मण्डल अध्यक्ष मऊरानीपुर ग्रामीण मुकेश पटेल, अजय श्री वास,कपिल मुदगिल संचालन जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने किया।

# ओम नारायण त्रिपाठी विदित द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**बाँदा, दिनांक 25 जून 2026।** भीषण गर्मी एवं तेज धूप से आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आज समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में प्रात: 11 बजे पुराने आरटीओ कार्यालय के पास शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों, श्रमिकों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को शीतल शरबत वितरित कर जनसेवा का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर ओम नारायण त्रिपाठी विदित ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा गरीब, मजदूर, किसान एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित रही है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए आम जनता को राहत पहुँचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी आगे भी जनहित के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आमिर खान मन्नी, राजन चंदेल, अशोक गौर, प्रियांशु गुप्ता, मुस्ताक़, अशोक श्रीवास, इमरान अली राजू,शाहिद बेग, जन्मेजय सिंह, प्रदीप परिहार, उमेश यादव , आशीष श्रीवास्तव, नीलेश श्रीवास, गौरव सिंह, अर्जुन यादव , मन्नी कश्यप,सहित समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित साथियों ने जनसेवा के ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# रामकिशोर साहू के क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा बनने पर हर्ष व्यक्त किया

( यंग भारत न्यूज )



**मऊरानीपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आज प्रदेश की कार्यकारिणी के साथ ही प्रदेश के सभी सातों क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं मोर्चा के अध्यक्षों का गठन हुआ इसी क्रम में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में मऊरानीपुर निवासी श्री राम किशोर साहू जी को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर मऊरानीपुर में खुशी की लहर देखने को मिली भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा इस मौके पर डाकखाने चौराहे स्थित रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा के समीप आतिशबाजी कर मिष्ठान बात कर एकर्ताओं ने खुशी जाहिर की रामकिशोर साहू जी बाल्य काल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे इसके बाद वह विभिन्न जिलों में जिला प्रचारक के रूप में एवं विभाग प्रचारक के रूप में कार्यरत रहे इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में आए जिला महामंत्री रहे और तीन बार के क्षेत्रीय महामंत्री रहे कुशल संगठन शिल्पी रामकिशोर साहू जी को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में अति उत्साह देखने को मिला इस मौके पर नगर अध्यक्ष रोहित सोनी वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र पाठक डॉ रमेश श्रीवास मोहन पुरवार दिनेश राजपूत वीरेंद्र अग्रवाल जयशंकर देवलिया हरिमोहन दुबे अखिलेश सेठ मनीष खेवरिया प्रगति आर्य दीपक कुशवाहा प्रणव भार्गव महेश नामदेव अभिषेक बिरथारे मंकू शर्मा जयप्रकाश पाल राजेंद्र राहुल मनोज मिश्रा बालकिशन गोस्वामी अजय राजपूत कैलाश राजपूत शैलेंद्र भदोरिया डीडी साहू दिनेश गौतम विनोद साहू रामगुलाम सोनी राजेश बिलटिया सोमेश त्रिपाठी जितेंद्र शर्मा बॉबी अग्रवाल आर के अहिरवार पावस मोदी राजेंद्र साहू राजू राय नरेश अहिरवार आकाश आर्य सुशील श्रीवास सहित बड़ी संख्या मे भाजपाई मौजूद रहे

# एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

## अपराध नियंत्रण एवं लंबित विवेचनाओ के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए





**कोंच** बुधवार देर रात कोतवाली का पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक भी की। एसपी ने थाना परिसर, पुलिस मैस, साइबर हेल्प डेस्क तथा महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।एसपी ने कोतवाली परिसर में चल रहे निर्माणाधीन बैरिक का भी निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि समय से कार्य को पूरा करे।

अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने फरार अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने और संवेदनशील मामलों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, जनसुनवाई और महिला संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार,वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार,उपनिरीक्षक अशोक वर्मा,शुभम परमार, भीष्म पाम,सुमित पांडेय, अभिषेक सिंह, शिवनारायण सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी और सतर्कता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।वही उन्होने कोतवाली में आए नए सिपाहियो को ईमानदारी से ड्यूटी करने का पाठ पढ़ाया तथा कहा अभी बहुत कुछ सीखना है।इसलिए मन लगाकर पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यो का निर्वहन करे।

# तालाब व जलकल परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड कुठौंद के ग्राम जुगराजपुर के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी जालौन को प्रार्थना पत्र देकर गांव के तालाब एवं जलकल परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे तालाब की जल संचयन क्षमता प्रभावित हो गई है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि तालाब का पानी सीधे जलकल परिसर तक पहुंचता है, लेकिन अतिक्रमण के कारण वहां गंदा एवं मलयुक्त पानी एकत्र हो रहा है। यही पानी जलापूर्ति व्यवस्था के माध्यम से गांव में पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि तालाब और जलकल परिसर की कई बार नापजोख होने के बावजूद अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। इससे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में भी परेशानी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से तालाब एवं जलकल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो गांव में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी वी. पी. सिंह, सुरेश सिंह, रामशरन सिंह, राजू सिंह, गजेन्द्र सिंह, जयदीप सिंह, रविन्द्र सिंह, भारत सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# अहंकार ही मनुष्य के पतन का कारण है : कृपाराम जी महाराज

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आज 88 हजार ऋषि मुनियों की तप स्थली नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र (सीतापुर) में श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम समापन दिवस पर चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास प. श्री कृपाराम जी महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि अहंकार ही मनुष्य के पतन का कारण है, अत: अहंकार से प्रत्येक मनुष्य को बचना चाहिए ।इस कलियुग में भक्ति का सबसे सुगम तरीका भगवान का नाम जप है ।श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा जी तथा श्री कृष्ण ने गुरु संदीपनी के आश्रम में एक साथ विद्याध्ययन किया था, सुदामा गरीब ब्राह्मण थे लेकिन दरिद्र नहीं थे , वह द्वारकाधीश की प्रेरणा से अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारका गये लेकिन कुछ मांगने नहीं गए थे ।भगवान अपने भक्तों को बिना मांगे ही सबकुछ देते हैं ।इस अवसर पर झांसी से राकेश त्रिपाठी, सुनीता त्रिपाठी, श्रीकृष्ण बिहारी ओमहरे , राजेन्द्र गुप्ता, दशरथ गुप्ता, सुनीता ओमहरे, अखिलेश मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी उरई, महेंद्र सिरोठिया पिरोना, पप्पू सोनी गुरसराय, मयंक मिश्रा लखीमपुर रश्मि दिवाकर दुबे आदि उपस्थित रहे ।मुख्य आयोजक देवकरण शास्त्री छलांगी महाराज ने समस्त बुंदेलखंड से आए भक्तों का आभार व्यक्त किया तथा मां ललिता मईया से सभी भक्तों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की ।कथा का संचालन मुख्य आचार्य श्री अरविन्द शास्त्री परसुआ ने किया ।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718